# केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

**(वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in )**

**संदर्भ : विज्ञापन संख्या–02/2022**

**मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में 'मद्य निषेध सिपाही' पद हेतु लिखित परीक्षा एवं ई–प्रवेश–पत्र संबंधी सूचना**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में 'मद्य निषेध सिपाही' के **689 (छः सौ नवासी)** पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु जारी किये गये विज्ञापन संख्या 02/2022 के क्रम में अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 14.05.2023 (रविवार) को प्रथम पाली में निम्नांकित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगी।

| **दिनांक** | **पाली** | **परीक्षा अवधि (दो घंटे)** | **अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग टाईम** | **अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश** |
|---|---|---|---|---|
| **14.05.2023 (रविवार)** | प्रथम पाली में | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | 08:00 बजे पूर्वाह्न | **09:00 बजे पूर्वाह्न तक** |

**(2) <u>ई–प्रवेश–पत्र –</u>** लिखित परीक्षा हेतु उम्मीदवारों के ई–प्रवेश–पत्र (E-Admit Card) पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर दिनांक 27.04.2023 से उपलब्ध रहेंगे । उम्मीदवार अपना ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर प्रिंट आउट ले लें । स्पष्ट किया जाता है कि डाक द्वारा प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जाएगा । आवंटित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ई–प्रवेश–पत्र के साथ अपना एक वैध फोटो पहचान–पत्र जैसे–मतदाता पहचान–पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड अथवा आधार कार्ड भी प्रस्तुत करना होगा । यदि ई–प्रवेश–पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा स्थल पर अपने साथ आवेदन–पत्र के समरूप 2 (दो) फोटोग्राफ (दो माह के भीतर का खिंचा हुआ) भी लाऐंगे ।

(3) जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाइट से ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं कर सकें, वे दिनांक 11.05.2023 एवं 12.05.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 17:00 बजे तक केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के बैक हार्डिग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना 800001 स्थित कार्यालय से डुप्लिकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं । ऐसे अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र की पावती की छाया प्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र के साथ केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के उपरोक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर डुप्लिकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं ।

(4) अनुक्रमांकवार परीक्षा केन्द्रों की सूची दिनांक 27.04.2023 से पर्षद की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी । उम्मीदवार सुनिश्चित हो लें कि डाउनलोड किया गया ई–प्रवेश–पत्र उसके अनुरूप है । अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि अपने प्रवेश–पत्र को परीक्षा के बाद भी सुरक्षित रखें, क्योंकि बाद के विभिन्न प्रक्रियाओं यथा– शारीरिक दक्षता परीक्षा,

अभिलेख सत्यापन एवं योगदान के समय नियुक्ति प्राधिकार/चयन पर्षद द्वारा इसकी मांग की जा सकती है।

(5) लिखित परीक्षा से संबंधित उत्तर पुस्तिका (OMR Sheet) पर मुद्रित निर्देश का प्रतिरूप (Specimen copy) अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पर्षद की वेबसाइट पर दिया जा रहा है। प्रायः पाया गया है कि कुछ अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में ओ0एम0आर (OMR) आधारित उत्तर पुस्तिका पर वांछित सूचनाओं (यथा–रौल नम्बर, प्रश्न पुस्तिका नम्बर, अनुच्छेद लेखन तथा हस्ताक्षर) की प्रविष्टि दिये गये आवश्यक निर्देशों/अनुदेशों के अनुसार नहीं की जाती है जिस कारण अभ्यर्थिता रद्द हो जाती है एवं उनकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाता है।

उपर्युक्त त्रुटियों से बचाव हेतु अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि लिखित परीक्षा के पूर्व वेबसाइट पर दिये गये लिखित परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देशों का अध्ययन कर लें एवं उत्तर पुस्तिका (OMR Sheet) पर मुद्रित निर्देश के प्रतिरूप (Specimen copy) के अनुसार पूर्वाभ्यास कर लें, ताकि उपरोक्त त्रुटियों से बचाव हो सके और आपकी उत्तर पुस्तिका अमान्य न हो ।

(6) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा के दौरान उन्हें आवंटित रौल नम्बर स्टिकर पर छपे नाम, फोटो एवं रौल नम्बर के अनुरूप ही अपने निर्धारित स्थान पर बैठे अन्यथा स्थिति में आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।

(7) अभ्यर्थियों को पुनः सूचित किया जाता है कि उनका रिपोर्टिंग टाइम प्रातः 08:00 बजे है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश 09:00 बजे तक ही दिया जाएगा । किसी भी परिस्थिति में उक्त निर्धारित समय के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा ।

**ह0/–**

**अध्यक्ष,**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

**<u>ज्ञापांक 01/के0च0प0(सू0)</u>**

**दिनांक 13/04/2023**

**अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,**

**सरदार पटेल भवन, ब्लॉक–ए0/626, छठा तल,**

**जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800023**

## अनुदेश / INSTRUCTIONS

**कृपया उत्तर-पत्रक में कोई भी प्रविष्टि करने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानी पूर्वक पढ़ लें।**

**PLEASE READ ALL INSTRUCTIONS CAREFULLY BEFORE MARKING ANY ENTRY IN THE ANSWER SHEET**

1. इस उत्तर-पत्रक में दो प्रतियां हैं, मूल और इसके नीचे द्वितीय प्रति। उन्हें अलग करने या हटाने की कोशिश न करें।
   This answer sheet consists of two copies, the original and the duplicate below. Do not attempt to separate or displace them while answering.

2. सिर्फ नीला/काला बॉल प्वाइंट पेन ही इस्तेमाल करें। जैल पेन/पेन्सिल का इस्तेमाल वर्जित है। द्वितीय प्रति को अलग से रंगने की आवश्कता नहीं है।
   Use Blue/Black Ball Point Pen only. Gel pens/pencils are not allowed. It is not required to darken the second copy separately.

3. उत्तर-पत्रक में कोई भी अन्य निशान नहीं लगायें। किसी भी अन्य कागज़, गणना मशीन और मोबाईल फोन आदि का इस्तेमाल वर्जित है और ऐसा करने पर अयोग्य ठहराया जायेगा।
   Do Not put any stray marks anywhere on the answer sheet. Use of any other paper, calculating machine and mobile etc. is prohibited and will lead to disqualification.

4. जरूरत के विवरण सावधानी पूर्वक उत्तर-पत्रक में भरना है। उत्तर-पत्रक में बदलाव की अनुमति नहीं है।
   Carefully fill up all the necessary particulars in the answer sheet. Change in answer sheet is not permitted.

5. प्रश्न पुस्तिका में दिये गये अनुच्छेद को उत्तर-पत्रक में दी गयी जगह में अंग्रेज़ी अथवा हिन्दी में लिखें। **OMR** उत्तर-पत्रक के मद **7** में अपना हस्ताक्षर अवश्य करें।
   Copy the Paragraph given in your Question Booklet either in English or Hindi in the space given in the answer sheet. You must put your signature on OMR answer sheet at column no. 7.

6. अपने प्रश्न पुस्तिका श्रेणी, रोल नम्बर और प्रश्न पुस्तिका नं. के अनुसार बॉक्स सं. 2, 3 और 4 को क्रमशः बहुत ही सावधानी से भरें।
   Darken the Circles corresponding to your Question Booklet Series, Roll Number & Question Booklet Number in Box Number 2, 3 & 4 very carefully.

7. बॉक्स के सही गोले को रंगते समय नीचे दिये गये रूप से सही गोले को रंगें।
   While Darkening the appropriate Circle in the boxes, darken the chosen circle fully as given below.




8. अभ्यर्थियों को प्रश्नों का उत्तर वैकल्पिक उत्तर A, B, C, या D में से देना है। प्रत्येक प्रश्न का एक सही उत्तर चुनना है और उत्तर-पत्रक में सही गोला रंगना है। एक बार रंगे हुये गोले को बदलने की अनुमति नहीं है।
   Candidates are required to answer questions from the multiple choice answers A, B, C or D. Select the right answer to each question and darken the correct circle on the answer sheet. Once darkened, changes are not permitted.

9. उदाहरण / Example

